हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

केंद्र सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक-काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि आपूर्ति बढ़ाने के बाद 23 मार्च से पांच किलो के लगभग छह लाख साठ हजार सिलेण्डरों की बिक्री हुई है। इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए किसी पते के प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी वितरण केन्द्र पर इन सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। चार अप्रैल को 51 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की गई और कुल मांग के 95 प्रतिशत की ऑनलाइन बुकिंग हुई। सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ईंधन की निर्बाध आपूर्ति, सुरक्षित समुद्री परिवहन और भारतीय नागरिकों की मदद के लिए व्यापक उपाय किए जा रहे हैं। मंत्रालय ने जोर दे कर कहा है कि पेट्रोल, डीज़ल या रसोई गैस की देश में कोई कमी नहीं है और घबराहट में खरीद की जरूरत नहीं है। इस बीच सरकार पाइप लाइन से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का दायरा भी बढ़ा रही है। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए भी सख्त निर्देश दिए गए हैं।

****

भारतीय ध्वज वाले एल पी जी टैंकर ग्रीन आशा ने ईरान के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य सफलतापूर्वक पार कर लिया है। जारी संघर्ष के बीच इस महत्वरपूर्ण मार्ग से सुरक्षित निकलने वाला यह नौवां भारतीय जहाज है। पहले भेजे गए जहाजों में एलपीजी वाहक बी डब्ल्यू टी वाई आर, बी डब्ल्यू ई एल एम, पाइन गैस और जग वसंत शामिल हैं, इनसे सामूहिक रूप से 92 हजार टन से अधिक एलपीजी की आपूर्ति हुई। वहीं, तेल टैंकर जग लाडकी और जग

प्रकाश ने संयुक्त अरब अमीरात और ओमान से कच्चा तेल और गैसोलीन का परिवहन किया। इसके अलावा ग्रीन सानवी ने करीब 46 हजार 650 मीट्रिक टन माल के साथ अपनी यात्रा पूरी की है।

****

****

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 47वां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को शुभकामनाएं दी।

1- पी एम - 26 सेकंड

गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक सोशल मीडिया संदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की राष्ट्रवादी सोच और वैचारिक प्रेरणा से जन्मी भाजपा महज एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्र के पुनर्निर्माण का संकल्प है।

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने पार्टी कार्यकर्ताओं और सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं

****

****

फरीदाबाद के सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज फरीदाबाद में सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी से पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने और संगठन के लिए समर्पित रहने का आहवान किया ।

****

****

जींद में स्थानीय लोगों तथा आढ़ती संगठन के पदाधिकारियों ने कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर जनहित एवं व्यापार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

आढ़ती संगठन के प्रतिनिधियों ने फसल खरीद प्रक्रिया से संबंधित अपनी मांगों व सुझावों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि प्रदेश में फसल खरीद प्रक्रिया पूरी तरह से सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित की जाएगी।

****

फरीदाबाद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल के तहत मेवला महाराजपुर के शहरी स्वास्थ्य केंद्र में सीज़ेरियन प्रसव की सुविधा शुरू कर दी गई है। कल नई व्यवस्था के तहत इस केंद्र में पहला सीज़ेरियन ऑपरेशन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीनाक्षी तंवर ने बताया कि पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से पूरी हुई। डॉ. तंवर ने बताया कि केंद्र में जल्द ही जी-स्मार्ट लैब और एक्स-रे सुविधा भी शुरू की जाएगी।

****

सोनीपत में सेक्टर 23 के चौक पर अजेय महायोद्धा, महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापित की गई है। कल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने इसका अनावरण किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल ने महाराजा सूरजमल की वीरता,शौर्य को नमन करते हुए कहा कि धर्म,संस्कृति की रक्षा में महाराजा सूरजमल का योगदान अतुलनीय है।

****